भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3586

दिनांक 13 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

केंद्र सरकार के अस्पतालों के लिए निधि

3586. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2026-27 के बजट में दिल्ली में केन्द्रीय सरकार के अस्पतालों के लिए कुल कितनी धनराशि निर्धारित गई है;

(ख) दिल्ली में केन्द्र सरकार के अस्पतालों के विस्तार के लिए बजट में प्रस्तावित योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या एम्स, दिल्ली के विस्तार के लिए भूमि उपलब्ध करा दी गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या बदरपुर में नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एनटीपीसी) लिमिटेड द्वारा खाली की गई 400 एकड़ भूमि का उपयोग एम्स के विस्तार के लिए किया जा सकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) वर्ष 2026-27 के बजट अनुमानों के चरण में दिल्ली के केंद्रीय सरकारी अस्पतालों और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली के लिए आवंटित धनराशि निम्नानुसार है –

क्र.सं.	**अस्पताल**	**आवंटन (करोड़ रुपये में)**
1	सफदरजंग अस्पताल और वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज	2170.75
2	डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल और अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान	1450.79
3	लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और संबद्ध अस्पताल (श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल और कलावती सरन चिल्ड्रेन हॉस्पिटल)	978.12

4	ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र (आरएचटीसी) नजफगढ़	64.67
5	अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली	5500.92
	कुल	**10,165.25**

(ख) स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार एक कार्यात्मक आवश्यकता है। संस्थान नियमित रूप से अपनी सुविधाओं का उन्नयन और विस्तार करते हैं। डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में 666 बिस्तरों वाली एक सुपर स्पेशलिटी सुविधा तैयार हो रही है। इसी प्रकार, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत आने वाले कलावती सरन बाल अस्पताल में मौजूदा 394 बिस्तरों से 894 बिस्तरों तक विस्तार को मंजूरी दे दी गई है।

(ग) और (घ) एम्स, नई दिल्ली का क्षेत्रफल 244 एकड़ है जो पूर्वी और पश्चिमी अंसारी नगर, आयुर्विज्ञान नगर, मस्जिद मोठ, ट्रॉमा सेंटर परिसर और नए छात्रावास परिसर सहित 6 भूखंडों में फैला हुआ है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, जो झज्जर में एम्स, नई दिल्ली के विस्तारित परिसर के रूप में स्थापित है, एम्स का परिसर 288 एकड़ में फैला हुआ है। इसके अलावा, एम्स में बुनियादी ढांचागत सुविधाओं का लगातार विस्तार और संवर्धन किया जा रहा है ताकि बर्न और प्लास्टिक सर्जरी ब्लॉक, सर्जिकल ब्लॉक, न्यू राज कुमारी अमृता कौर ओपीडी ब्लॉक, मातृ एवं शिशु ब्लॉक और जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा सेंटर (जेपीएनएटीसी) के लम्बवत् विस्तार जैसे कई नए विशेष ब्लॉकों के चालू होने से बढ़ते रोगी भार को कुशलतापूर्वक संभालने मस्जिद मोठ परिसर में नए ओपीडी ब्लॉक और एम्स, नई दिल्ली में 150 बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक के निर्माण को भी स्वीकृति मिल गई है।